हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कृषि मंत्री नेताम की पत्नी खेतों में कर रही काम



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप के लिए लिया गया चयन ट्रायल

**अंबिकापुर।** रविवार को सरगुजा जिला नेटबॉल संघ द्वारा नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एक तत्वाधान में राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पिंशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोट में आयोजित चयन ट्रायल में सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर व सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संभाग प्रभारी व राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा संभाग के खेल विधा में बढ़ी लोकप्रिय खेल नेटबॉल को छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए संभाग के खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। जिसमें सभी खिलाड़ी को खेल की बारीकियों एवं तकनीकों के बारे में बताया गया। संघ के सचिव रजत सिंह ने बताया आगामी दिनों में होने वाले चौथी फास्ट-5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप पुरुष व महिला 2025-26 हरियाणा एवं द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय मिश्रित नेटबॉल चैम्पियनशिप पुरुष व महिला 2025-26 हरियाणा में चयनित खिलाडी प्रदेश की टीम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान नगर निगम एमआईसी सदस्य प्रियंका गुप्ता, विकास गुप्ता उपस्थित थे।

### किराना दुकान में चोरी करने वाला आरोपी धराया



**अम्बिकापुर।** शहर के फुंदुरडिहारी स्थित एक किराना दुकान में 20 दिनों पूर्व हुई चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची एवं उससे चोरी के 3620 रूपए नगद व सामग्री बरामद की है। फुंदुरडिहारी निवासी तिरूपति स्टोर्स के संचालक कमलेश कुमार वर्मा ने 23 जून को दुकान का ताला तोड़कर चोरों द्वारा नगदी व सामग्री चोरी करने की रिपोर्ट गांधी नगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोर का पता लगाने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो एक युवक दुकान से नगदी व सामग्री चोरी करते नजर आया। मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए) का मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने सोनी मोहल्ला निवासी शिवांग चौहान (19वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से नगदी व सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** महिला को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला अपने पति के साथ रहती है। 9 मार्च को सुखलाल कोडाकु महिला को घर में अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी ने शिकायत करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। वहीं 9 जुलाई को पुनः महिला को अकेली पाकर आरोपी घर में घुस गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया और घटना की शिकायत पुलिस से करने की धमकी दी तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और दांत से काटकर फरार हो गया। लोक लाज के डर से महिला ने घटना की जानकारी किसी को नहीं लेकिन बार बार इस तरह की घटनाओं से परेशान होकर महिला द्वारा 12 जुलाई को मामले की शिकायत पुलिस से की गई। मामले में पुलिस ने बलरामपुर निवासी 25 वर्षीय सुखलाल आ. मोहन साय कोडाकु को बीएनएस की धारा 64(2)(एम) तथा 351(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 17 को विज्ञान भवन में राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा सम्मान

# ननि ने हासिल की खोई हुई पहचान, सुपर स्वच्छ लीग में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम अम्बिकापुर ने अपनी खोई हुई पहचान फिर से हासिल करने में सफलता हासिल की है। नगर निगम अंबिकापुर को सुपर स्वच्छता लीग नगर की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। सुपर स्वच्छ लीग में शामिल शहरों को 17 जुलाई दो दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान को हासिल करने के लिए नगर निगम की की टीम दिल्ली जाएगी। इसी दौरान स्टार रेटिंग सहित अन्य परिणामों की घोषणा भी की जाएगी।

**खास बात**
- जारी किया गया स्वच्छता सर्वेक्षण का परिणाम

स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत होने के बाद से ही नगर निगम ने लगातार देश में अपनी बादशाहत कायम रखी और प्रत्येक वर्ष नए नए इनोवेशन और अपने कार्यों के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई लेकिन पिछली बार वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम में नगर निगम को भारी नुकसान उठान पड़ा। नगर निगम की ना सिर्फ स्टार रेटिंग गिरकर 5 से 3 पर पहुंच गई बल्कि नेशनल रैंकिंग में भी नगर निगम 4थे स्थान से खिसककर 27वें स्थान पर पहुंच गया था। यही वजह है कि इस बार नगर निगम की सरकार और पूरी टीम ने स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी खोई हुई पहचान और अपनी रैंकिंग को फिर से हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। नगर निगम द्वारा शहर में सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए और पूर्व में हुए सर्वेक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दूरी किया जिसके बाद स्वच्छता

सर्वेक्षण की टीम शहर में आई थी। टीम ने एक बार स्वच्छता सर्वेक्षण किया जबकि दूसरी पार स्टार रेटिंग और ओडीएफ प्लस प्लस के लिए टीम पहुंची। स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब इसके परिणामों की घोषणा 17 जुलाई को दिल्ली में की जाएगी।



### 17 को दिल्ली में मिलेगा पुरस्कार

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी कर दिया गया है। इस बार अंबिकापुर नगर निगम को सुपर स्वच्छ लीग नगर के श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अतिरिक्त मानदंडों के आधार पर निकाय का मूल्यांकन किया था, जिसमें पुनः अपने श्रेणी ( 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहर) में अंबिकापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणामों की आधिकारिक घोषणा, स्टार रेटिंग की घोषणा 17 जुलाई को दिल्ली के विज्ञान भवन में की जाएगी। इस दौरान देश की राष्ट्रपति के हाथों नगर निगम अंबिकापुर को सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार को लेने के लिए शहर की पहली महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, नोडल अधिकारी रितेश सैनी के साथ ही अन्य अधिकारी दिल्ली के लिए रवाना हो सकते है।

### क्या है सुपर स्वच्छ लीग

नोडल अधिकारी रितेश सैनी ने बताया कि सुपर स्वच्छ लीग एक विशेष लीग है जो स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता और सफाई मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को मान्यता देने के लिए शुरू की गई है। अपने पिछले एवं वर्तमान स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग के आधार पर असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहर वर्ष 2024 के लिए इस लीग का हिस्सा बन गए हैं। सुपर स्वच्छ लीग में शहरों के बीच कोई रैंकिंग नहीं होगी, क्योंकि इस पहल का उद्देश्य इन शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों के बीच शहरी स्वच्छता में निरंतर उत्कृष्टता को प्रेरित करना है। सुपर स्वच्छ लीग में शामिल नगरों को इस क्लब में बने रहने हेतु आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में कम से कम 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा। इसके लिए निगम को अपनी व्यवस्था को बनाए रखना होगा और सर्वेक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर सुपर स्वच्छ लीग की श्रेणी से बाहर कर दिया जाएगा।

#### किए गए नए नवाचार

स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में गिरावट आने के बाद नगर निगम की टीम ने एक बार फिर से अपनी कमियों को दूर करने पर काम किया। नगर निगम द्वारा सभी एसएलआरएम सेंटरों के उन्नयन का कार्य कराया गया जबकि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों के मरम्मत के कार्य कराए गए। नगर निगम के सेनेटरी पार्क स्थित टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर में आग लगने के कारण विगत वर्ष निरीक्षण नहीं हो पाया था। इस बार निगम आयुक्त द्वारा नए सिरे से सेग्रीगेशन के कार्य को भिट्टीकला में शिफ्ट कर गया। सेनेटरी पार्क में भी आग लगने से जलकर खाक हुए सेंटर के लोहे से आइफिल टावर के प्रतिरूप का निर्माण एक नवाचार किया। वहीं शहर के चौक चौराहों पर लाइटिंग, दीवारों पर वाल पेंटिंग कराई गई जिसका नगर निगम को फायदा मिला। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों ने भी डोर टू डोर कचरा प्रबंधन और नियम यूजर चार्ज कलेक्शन में बेहतर प्रदर्शन किया।

#### अब तक का सफर

नगर निगम ने एसएलआरएम मॉडल को शुरू किया और अब यह पूरे देश में लागू किया जाता है। निगम के पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 15वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम, बेस्ट प्रैक्टिस इनोवेशन में देश में अव्वल एवं पूरे देश में 11वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 2रे स्थान में था वहीं इसे 5 स्टार रेटिंग से पुरस्कृत किया गया था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में 1 लाख से 10 लाख के जनसंख्या के शहरों में अंबिकापुर अव्वल रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 1 से 3 लाख में प्रथम एवं देश में पांचवा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 1 से 3 लाख में द्वितीय एवं देश में पांचवां स्थान हासिल किया था। वर्ष 2022 में नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में चौथा स्थान हासिल हुआ था और फाइव स्टार रैंकिंग की श्रेणी में शामिल था जबकि वर्ष 2023 में नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ा और निगम दो 3 स्टार रैंकिंग में पहुंच गया जबकि देश में नेशनल रैंकिंग में निगम भी 27वें नम्बर पर आ गया था। वहीं इस बार देश के बड़े निकायों को रैंकिंग वाली सूची से ऊपर उठकर सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में शामिल कर लिया गया है।

#### वापस मिली पहचान

नगर निगम की खोई हुई पहचान को सभी के सहयोग और प्रयासों की बदौलत हासिल किया गया है। नगर निगम को सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। हमारी स्वच्छता दीदियों, शहर की जनता और अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही पत्रकारों का भरपूर सहयोग मिला। आने वाले समय में हम और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। हमने इंदौर से जो कुछ भी सीखा है उसके आधार पर काम करने का प्रयास किया जाएगा। यह पुरस्कार शहर की जनता का है।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर ननि

#### सुपर स्वच्छ लीग में शामिल

निकाय के स्वच्छता दीदियां, सफाई कर्मचारी, संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से नगर स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य किया गया। सभी की सहभागिता से अंबिकापुर नगर द्वारा पुनः अपने श्रेणी में देश में शीर्षस्थ स्थान सुपर स्वच्छ लीग में शामिल हुआ है। इस उपलब्धि के लिए शहर की जनता को बधाई और उम्मीद है कि इसी तरह स्वच्छता में जनता की निरंतर सहभागिता रहेगी।

-**डीएन कश्यप**
आयुक्त ननि

## गौवंश की हत्या कर मांस खाने वाले 6 संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड के ग्राम तिरकेला में गौवंश की हत्या कर मांस खाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने 6 संदेहियों को हिरासत में लिया है जबकि एक की तालाश चल रही है। पुलिस द्वारा गौ मांस भी बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बताया जा रहा है कि रविवार को थाना अंतर्गत ग्राम तिरकेला में ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कि कुछ लोगों द्वारा गौवंश की हत्या कर मांस का बटवारा किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव में दबिश दी और गौ मांस खाने वालों की जांच शुरू की। पुलिस ने गौ मांस बरामद करने के साथ ही 6 संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- घटना के बाद लोगों में रोष



## जर्जर हुआ विशाल कदंब का पेड़ धराशाई होने का मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शंकरगढ़ विकासखंड मुख्यालय में सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे है। बारिश के बीच खोखले और विशाल पेड़ कभी भी धराशाई हो सकते है जिससे लोगों को भारी नुक्सान उठाना पड़ सकता है। हैरानी की बात तो यह है कि इस मार्ग से होकर अनेकों अधिकारी गुजरते है लेकिन किसी ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ मुख्यालय में संदीप इलेक्ट्रिकल के सामने एक विशाल कदम का पेड़ मौजूद है।

- खोखला हो गया है पेड़, हो सकता है खतरा

वर्षों पुराना यह कदम का पेड़ अब अन्दर से पूरी तरह से खोखला हो चुका है और जर्जर स्थिति में है। पुराने और खोखला हो चुके पेड़ के गिरने की संभावना लगातार बनी रहती है और बारिश के समय आंधी तूफ़ान चलने से पेड़ के धराशाई होने का खतरा और भी बढ़ गया है। यदि पेड़ गिरता है तो लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा और यही वजह है कि स्थानीय निवासी और मार्ग से आवागमन करने वाले लोग भयभीत है। इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों का आना जाना होता है।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस जर्जर पेड़ को हटवाने सुशासन तिहार में आवेदन दिया। क्षेत्रीय विधायक से इसकी शिकायत की गई लेकिन अब तक शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन अधिकारी गुजरते है लेकिन उन्होंने ने भी इस पेड़ को हटवाने की पहल नहीं की। ऐसे में यदि कोई घटना होती है तो लोगों को बड़ा नुकसान होगा।



## कबीर वार्ड में शिव मंदिर निर्माण के बाद हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की पहल पर शहर के दर्रीपारा स्थित कबीर वार्ड में भगवान शंकर के मंदिर में आज प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा उपरांत मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।

रविवार को कबीर वार्ड में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, पार्षद किरण प्रकाश साहू एवं वार्ड के सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में पंडित अलबेला चौबे ने शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कराई। विदित हो कि नगरीय निकाय चुनाव के दौरान पार्षद विश्व विजय सिंह तोमर ने कबीर वार्ड के आधे अधूरे शिव मंदिर के निर्माण की घोषणा की थी। युवा आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने मंदिर के निर्माण का कार्य पूर्ण कराया। मंदिर के गुम्बज, टाइल्स व अन्य निर्माण पूर्ण होने के बाद विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

इस दौरान रमेश मुंडा, प्रयागराज साहू, संजय अंबष्ट, जमुना सिंह, सुनील चौधरी, बल्लू शर्मा, अनीता सिंह, राजेश ठाकुर, आयुष दुबे, नरेंद्र सिंह, प्रिंस चौबे, सुरेश मलिक, सुनील साहू, नीतू मुंडा सहित वार्ड के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक साल में एक ही दुकान में चार बार हुई चोरी, पुलिस के हाथ खाली

**केदमा।** उदयपुर मुख्य मार्ग स्थित विद्या दीप स्टेशनरी दुकान में एक साल में चौथी बार चोरी की घटनाएं हो गई। शनिवार की देर रात चोर छप्पर उखाड़कर दुकान में दाखिल हुए और 30 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए।

दुकान पिछले 35 साल से खप्पर मकान में संचालित है। कुछ हिस्सों में सीट का छप्पर लगा है। दुकान पुरानी होने से इलाके के लोग इससे भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। एक साल में चार बार चोरी से अब तक दो लाख से ज्यादा का सामान चोरों ने पार कर दिया है। पहली चोरी जुलाई 2024 में हुई। इस समय दीवार तोड़कर चोर अंदर घुसे। एक फोटोकॉपी मशीन चुरा ले गए। वहीं दूसरी मशीन तोड़ दी। चोरों ने करीब 80-90 हजार का सामान ले उड़े। दूसरी चोरी जून में हुई। इस बार सेंधमारी कर चोर घुसे और 25 हजार से ज्यादा सामान चोरी कर ले गए। तीसरी चोरी 8 जुलाई को आधी रात के बाद हुई। चोर बाजू की दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे। फिर विद्यादीप दुकान की दीवार तोड़कर 30 हजार का सामान चोरी कर लिए। चोरों ने पुनः बीती रात छप्पर के ऊपर की सीट उखाड़कर अंदर घुसे और 25 हजार से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक देवेंद्र भदोरिया ने बताया कि एक साल में चार बार चोरी हो चुकी है। लाखों का नुकसान हुआ। हर बार रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी तक नहीं पहुंची। इस संबंध में थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह ने बताया कि चोरी की नाबालिग बच्चे के पांव के निशान मिले हैं। जांच जारी है। चार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं।



### च्वाइस सेंटर संचालक का ऑडियो, वीडियो आया सामने, पुलिस से शिकायत

## पीजी कॉलेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर छात्रा से 8 हजार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने वाले च्वाइस सेंटर संचालक मनचाहे संकाय में एडमिशन कराने धौंस देकर भारी-भरकम राशि की अवैध वसूली कर रहे हैं। पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए अपना पंजीयन कराने वाली छात्रा ने एक च्वाइस सेंटर संचालक का ऑडियों-वीडियो प्रस्तुत कर इस बड़ी गड़बड़ी का खुलासा किया है। इसका खुलासा होने के बाद पीजी कॉलेज प्रबंधन ने च्वाइस सेंटर संचालक की शिकायत पुलिस से की है।

वर्तमान में राजीव गांधी स्वशासी पीजी कॉलेज सहित संभाग भर के शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। दूसरे चरण की मेरिट लिस्ट के लिए कॉलेज प्रबंधन ने पंजीयन के लिए अपना पोर्टल खोला है। प्रवेश के लिए स्नातक बायो एवं बीसीए में प्रवेश के लिए स्वीकृत सीटों की तुलना में दोगुना से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है तथा एडमिशन को लेकर काफी चिंतित है। इस बीच बीसीए में प्रवेश के लिए बनारस मार्ग स्थित एक च्वाइस सेंटर से अपना पंजीयन कराने वाली छात्रा ने संचालक से बात कर भारी भीड़ होने का हवाला दिया उसने पीछे के दरवाजे से मेरिट सूची में सुधार करा एडमिशन कराने का भरोसा दिया तथा 8 हजार रूपए की मांग की। एडमिशन के लिए आतुर बनकर छात्रा ने च्वाइस सेंटर संचालक द्वारा की जा रही मनमानी का साक्ष्य एकत्र किया तथा प्राचार्य से इसकी शिकायत की। प्रबंधन तत्काल हकीकत का पता लगाकर मामले की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की है। पिछले साल एक दर्जन से अधिक च्वाइस सेंटर संचालकों ने फर्जी रसीद देकर कॉलेज में प्रवेश कराने वाले विद्यार्थियों से ऑनलाइन भुगतान के नाम पर कॉलेज को लाखों रूपए का चूना लगाया था। ऑनलाइन भुगतान के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिल गया लेकिन राशि खाते में नहीं पहुंची। जांच में इस फर्जीवाड़ा का खुलासा होने एवं एफआईआर दर्ज कराने की सूचना पर संचालकों ने पूरी राशि का भुगतान कर अपनी जान बचाई। इस गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने अपनी वेबसाइट में कई सुधार कराएं हैं जिससे च्वाइस सेंटर संचालकों की मनमानी रूक गई है। प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को मेरिट सूची में बदलाव कराने का भरोसा देकर ठगी का शिकार बनाने के मामले में प्रबंधन सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यम से जागरूक कर रहा है। कॉलेज परिसर में भी इस संबंध में जगह-जगह सूचना चस्पा की गई है।



इस संबंध में स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह ने बताया कि छात्रा ने साक्ष्यों के साथ च्वाइस सेंटर के मनमानी की शिकायत की है। च्वाइस सेंटर संचालक की शिकायत पुलिस से की गई है।

## मामूली विवाद पर एक ही परिवार में मारपीट, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

घरेलु विवाद को लेकर भतीजा और परिवार के सदस्यों ने मिलकर पहाड़ी कोरवा दम्पति और उसके पुत्र पर जान लेवा हमला कर दिया। इस घटना में मारपीट से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण के पुत्र की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जोकपाट निवासी 45 वर्षीय मंगरा आ. स्व. गंडा पहाड़ी कोरवा 7 जुलाई को अपनी पत्नी फदारी और पुत्र नवला के साथ मजदूरी करने गया हुआ था। तीनों शाम 7 बजे मजदूरी कर वापस जोकपाट की तरफ लौट रहे थे। जब वे अपने घर के समीप पहुंचे तो उसका भतीजा प्रमेश, भाई सोमरा और उसके पुत्र फुन्टू पहाड़ी कोरवा ने उनका रास्ता रोक लिया और घरेलु विवाद को लेकर तीनो ने मिलकर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में मंगरा को पीठ, दाहिने हाथ व कंधे पर चोट लगा जबकि पत्नी फदारी के सिर में चोट आई। इस घटना में ग्रामीण के पुत्र नवला पहाड़ी कोरवा को सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और चल फिर नहीं पा रहा था। इस दौरान 10 जुलाई को 25 वर्षीय नवला पहाड़ी कोव्रा आ. मंगरा पहाड़ी कोरवा की मौत हो गई। इस मामले में शंकरगढ़ पुलिस द्वरा मर्ग जांच उपरान्त आरोपियों जोकापाठ निवासी 19 वर्षीय फून्टू पहाही कोरवा आ. सोगरा, 30 वर्षीय प्रमेश पहाड़ी कोरवा आ. सोमरा पहाड़ी कोरवा व 47 वर्षीय सोमरा पहाड़ी कोरवा आ. स्व. गंडा पहाड़ी कोरवा को बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5),103 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



## खबर संक्षेप



### राजस्व निरीक्षक अजय को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**रामानुजगंज।** नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक अजय गुप्ता के सेवानिवृत्ति पश्चात स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि अजय गुप्ता के सानिध्य में बहुत कुछ सीखा। वे कार्य के प्रति हमेशा सजग और लगनशील रहे। नगर पालिका के किसी भी विभाग से संबंधित हो जो भी जवाबदारी दी जाती थी वह पूरी निष्ठा से करते थे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आरके पटेल ने कहा कि किसी भी शासकीय कर्मचारी का सेवानिवृत्ति के बाद सार्वजनिक रूप से विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन उस इंसान की समाज में स्वीकार्यता को प्रस्तुत करता है। अजय गुप्ता उन कर्मचारियों में से थे जिन्होंने हर परिस्थिति में बेहतर कार्य किया। कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष जायसवाल, सुभाष केसरी, विमलेश सिन्हा ने भी उनके कार्यों की सराहना की। विदाई सह सम्मान से भावुक अजय गुप्ता ने कहा कि जीवन का अधिकांश हिस्सा और समय रामानुजगंज में बिता। यहां के लोगों से प्यार और स्नेह मुझे प्राप्त हुआ। इस दौरान पार्षद सुमित गुप्ता, विजय रावत, पवन गुप्ता, सुरेश पुरी, विकाश गुप्ता, अर्जुन दास, अजीत गुप्ता, दसरथ, ओम ठाकुर,रमाशंकर दूबे, रामसेवक गुप्ता, अजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, अशोक जैन, प्रदीप अग्रवाल, रूप कुमार सिंह, अजय केसरी, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, बालकेश प्रजापति, अनूप कश्यप, अमित गुप्ता, पीयूष गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में गांजा खपाने जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**सोनगरा।** अंबिकापुर की ओर से सोनगरा होते हुए चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में गांजा खपाने जा रहे बाइक सवार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख कीमत के पांच किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर बाइक से अम्बिकापुर से सोनगरा होते हुए चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में खपाने जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम सोनगरा में घेराबंदी कर बाइक सवार चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी दिलेश जायसवाल उर्फ चन्दन आ. रामगोपाल जायसवाल (21 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग 2 लाख कीमत के 5 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा व बाइक को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक धुनेश्वर केरकेट्टा, आरक्षक संदीप शर्मा, श्याम साहू, दिनेश ठाकुर व रजनीश पटेल सक्रिय रहे।






### मंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा-धरती मां की सेवा, अन्नदाता का धर्म

# कृषि मंत्री नेताम की पत्नी खेतों में कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम की पत्नी अविभाजित सरगुजा जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा नेताम इन दोनों अपने खेतों में स्थानीय महिलाओं के साथ धान की बुवाई करते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सात बार के विधायक रामविचार नेताम छत्तीसगढ़ शासन में कृषि मंत्री सहित अन्य विभागों के मंत्री हैं। भारी भरकम विभाग के बावजूद एवं लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद भी उनकी पत्नी की सादगी, सरलता देखते बनती है। एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें श्रीमती नेताम ग्रामीण महिलाओं के साथ धान की बुवाई कर रही है। अक्सर श्रीमती नेताम रामविचार नेताम के साथ रायपुर में ही रहती हैं परंतु अभी बुवाई के समय में खेती बाड़ी देखने के लिए सनावल में ही कुछ समय से हैं। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपनी पत्नी पुष्पा नेताम का धान का बुवाई करते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डालते हुए लिखा है कि धरती मां की सेवा, अन्नदाता का धर्म, आज मेरी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम के गांव की बहनों के साथ खेतों में धान की बुवाई करते हुए परंपरा, श्रम और सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी मिट्टी में अपने खेत में काम करने से जो आत्मिक संतोष और आनंद मिलता है वह अविस्मरणीय होता है। आज खेतों का यह दृश्य देखकर मन गर्व आनंद से भर उठा।

**खास बात**
- वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल



महिलाओं के साथ धान का बीड़ा उखाड़ती पूर्व जिपं अध्यक्ष।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मराबी बनी मिशाल अपने खेत में ग्रामीण महिलाओं के साथ की धान रोपाई



**प्रतापपुर।** आज के दौर में नेता बनने के बाद लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल जाती है, वहीं जिले की एक महिला नेता ने अपने कर्म, सादगी और मिट्टी से जुड़ाव से समाज में एक प्रेरणादायक पहचान बनाई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मराबी जो इन दिनों न किसी मंच पर दिख रही हैं न सत्ताधारी तामझाम में बल्कि बारिश की कीचड़ में अपने खेत में धान रोपती ग्रामीण महिलाओं के साथ पूरी तरह घुल-मिल गई हैं। राजकुमारी मरावी का यह रूप लोगों को हैरान कर रहा है। क्योंकि वह न केवल अपने खेतों में खुद रोपाई कर रही हैं, बल्कि कृषि से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी समय-समय पर स्थानीय किसानों को प्रदान करती हैं। राजकुमारी मरावी का कहना है कि किसान परिवार से आती हूं, खेतों में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। राजनीति मेरी सामाजिक सेवा का माध्यम है, लेकिन खेती मेरी आत्मा है। बरपटिया गांव में इन दिनों खेतों में धान रोपाई जोरो पर है। सुबह से किसान अपने परिवार के साथ खेतों में जुट जाते हैं। इन्हीं में से एक खेत में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मराबी भी अन्य महिलाओं की तरह माथे पर घूंघट डाले, हाथ में पौधे लिए, पूरी लगन से रोपाई करती नजर आईं। पति शिवभजन मराबी भी कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं, जो विभिन्न पदों पर रहते हुए 20 वर्षों से पार्टी में सक्रिय हैं। दोनों की सहजता और लोगों से सीधे जुड़ाव की शैली उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाती है।

### कक्षाओं का गिर रहा प्लास्टर, बरामदे में चल रहा हायर सेकेण्डरी स्कूल

**दरिमा।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का जर्जर भवन अब छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। आए दिन छत का प्लास्टर गिरने के कारण प्राचार्य ने कक्षाओं को खाली करा दिया है तथा भवन के बरामदे में कक्षाएं संचालित की जा रही है। तत्कालीन विधायक मदन गोपाल सिंह की पहल पर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 1997 में कराया गया था तथा उन्होंने ही 25 अक्टूबर 1997 के लिए भवन का उद्घाटन किया था। देख-रेख एवं मरम्मत के अभाव में अब स्कूल भवन की छत से पानी टपक रहा है साथ ही कभी भी छत का प्लास्टर गिर जा रहा है। कई बार कक्षा में प्लास्टर गिरने के कारण छात्र-छात्राएं घायल भी हुए है। आए दिन छत का प्लास्टर गिरने के कारण दुर्घटना होने के भय से प्राचार्य ने कक्षाओं को खाली करा दिया है। वर्तमान में 9वीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं बरामदे में संचालित हो रही है। स्कूल में कुल 360 विद्यार्थी अध्ययनरत है। बरामदे में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्राचार्य टीएस सांडिल्य ने बताया कि आए दिन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक के ऊपर छत का प्लास्टर गिरने के कारण कक्षाओं को खाली करा दिया गया है। विभाग को स्थिति से अनेकों बार अवगत कराया गया है। वर्तमान में सभी कक्षाएं बरामदे में संचालित की जा रही है।



# शिवनन्दनपुर संचालन समिति को किया गया भंग, अब सूरजपुर तहसीलदार होंगे प्रशासक




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के छह महीने से अधिक समय गुजर जाने के बाद अब इस नवगठित नगरीय निकाय में प्रशासक शासन व्यवस्था लागू कर दी गई है। 8 जुलाई को राज्य शासन द्वारा पूर्व में गठित संचालन समिति को भंग कर सूरजपुर तहसीलदार को नगर पंचायत शिवनंदनपुर का प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है।शिवनंदनपुर में नगर पंचायत बनने की प्रक्रिया अब अपने निर्णायक मोड़ पर है।

प्रशासनिक स्थिरता और आगामी चुनाव की तैयारियों के बीच अब स्थानीय जनता की निगाहें विकास की रफ्तार और पारदर्शी शासन पर टिकी हैं।गौरतलब है कि 21 अक्टूबर 2024 को शासन के आदेश पर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की पंचायत बॉडी को कलेक्टर सुरजपुर ने भंग कर दिया गया था।5 दिसंबर 2024 को नगर पंचायत की प्रशासनिक जिम्मेदारियों के लिए सात सदस्यों वाली संचालन समिति गठित की गई, जिसमें अध्यक्ष कृष्ण गोयल बल्लू, उपाध्यक्ष श्यामू साहू,सदस्यगण क्रमशः शितीकांत स्वाई, मनी बग्गा, धर्मेंद्र गुप्ता, अनीता सिंह, प्रमिला साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनका अब छह महीने का कार्यकाल पूरा हो चुका है।8 जुलाई को शासन द्वारा संचालन समिति के छह माह का कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति को भंग कर सुरजपुर तहसीलदार को प्रशासक नियुक्त किया गया है।अब नगर पंचायत शिवनंदनपुर की सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुरजपुर तहसीलदार करेंगे। प्रशासक के रूप में तहसीलदार विकास कार्यों, नगर प्रशासन, सफाई व्यवस्था, बजट प्रबंधन और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का नेतृत्व करेंगे।लोगों का मानना है कि प्रशासकीय नियुक्ति के बाद अब नगर पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।अनुमान है कि अक्टूबर-नवंबर तक यहां पहले चुनाव संपन्न कर लिए जाएंगे, जिसके बाद नगर पंचायत में जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल शुरू होगा।नपं के संचालन समिति भंग होने उपरांत अब यहां पर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं।

#### फंड के अभाव में निष्क्रिय रही संचालन समिति

शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर नियुक्त की गई सात सदस्यीय संचालन समिति शासकीय फंड के अभाव में पूर्ण रूप से निषक्रिय दिखी,समस्त 15 वार्डों में सीएमओ संग सदस्यों ने भ्रमण कर कार्ययोजना तो जरूर बनाई लेकिन कोई कार्य आधा साल बीतने बाद भी अब तक प्रारम्भ न हो सका,यहाँ तक की मुलभुत सुविधाएं जैसे नाली-कचरा सफाई,स्ट्रीट लाइट,सड़क मरम्मत कार्य भी नहीं कराया जा सका,संचालन समिति के अध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों ने कई बार मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री से विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा,लेकिन समय पर फंड उपलब्ध न किये जाने से कई महत्वपूर्ण कार्य शुरू ही नहीं हो पाए,स्थानीय लोगों के अनुसार संचालन समिति के समस्त सात सदस्य भाजपा समर्थित हैं और वर्तमान में राज्य में भाजपा की ही सरकार है, फिर भी कई बार मांग करने पर समय पर राशि क्यों उपलब्ध नहीं हो पाई,नगरवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत से नगर पंचायत गठन हो जाने के बाद विकास की एक नई उम्मीद जगी थी लेकिन आधा साल गुजरने पश्चात भी कोई खास अंतर नहीं दिखा, एक मात्र नगर पंचायत कार्यालय में रेनोवेशन नवीनीकरण कार्य होता नगर वासियों को जरूर दिखा है।






### दिव्यांग जोड़े की शादी कराने जनचेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष ने की सकारात्मक पहल

**रामानुजगंज।** विकासखंड क्षेत्र के बेलकुर्ता गांव के रहने वाले आंखों से दिव्यांग दशरथ सिंह की शादी पैरों से दिव्यांग रीना सिंह से तय हुई है लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने की वजह से शादी अब तक संपन्न नहीं हो सकी है।. दशरथ सिंह की मां प्रमिला सिंह ने अपनी गरीबी हालत के बारे में जनचेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे को बताया जिसके बाद उनकी मदद के लिए जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे ने सकारात्मक पहल करते हुए मदद का आह्वान किया है।



### नशे में चला रहा था बस चालक के विरूद्ध कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** नशे में अनियंत्रित गति से बस चलाने के मामले में राजपुर पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़कर एमवी एक्ट की कार्रवाई की है। चालक नीलांबर राम पिता दुबराजराम शनिवार को आदिशक्ति बस क्रमांक सीजी 15 एबी 2134 को अम्बिकापुर से कुसमी-सामरी ले जा रहा था। नशा में होने के कारण चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था तथा कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि बस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची। इसकी सूचना पर राजपुर पुलिस ने बस को थाने के सामने रोका तथा जांच की। चालक शराब के नशे में मिला। बस में सवार यात्रियों ने भी पुलिस को चालक की मनमानी एवं जान जोखिम में डालकर यात्रा करने का वृतांत सुनाया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरूद्ध एमवी एक्ट की कार्रवाई की है।



## चनान नदी पुल पर भरा पानी खतरे के बीच आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

चांदो रोड पर बना पुल इन दिनों खतरनाक हो गया है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पुल पर पानी जमा हो रहा है और लोग वर्षों पुराने पुल के गड्ढों में फंसकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

बता दें कि बलरामपुर से चांदो जाने वाले मार्ग पर स्टेट हाइवे के चनान नदी पर पुल का निर्माण किया है। इस पुल का निर्माण लगभग 20 वर्ष पूर्व किया गया था लेकिन पुल रख रखाव और मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया और रख रखाव के आभाव में पुल जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। पुल पर बारिश का पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में भारी बारिश के दौरान पानी पुल पर जमा हो रहा है और वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। पुल पर बने गड्ढों के कारण पुल पर पानी जमा होने से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शनिवार को भी पुल पर पानी जमा होने के कारण एक बाइक चालक गड्ढे में फंस गया। गनीमत रही कि बाइक चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन यदि यही स्थिति बनी रही और पुल पर पानी जाम की होता रहा तो किसी भी दिन किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

- बाइक चालक हुआ दुर्घटना का शिकार, चांदो मार्ग पर स्थित है पुल

## सड़क पर झूलते विद्युत तार में फंसकर घायल व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क पर झूलते विद्युत तार में फंसकर गिरने से स्कूटी सवार व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल व्यक्ति ने रायपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। विद्युत विभाग की इस लापरवाही के मामले में पुलिस ने पहले से ही अपराध दर्ज किया है वहीं अब पुलिस द्वारा इस मामले में लापरवाही से मौत की धारा जोड़कर जांच की जा रही है।

बता दें कि बौरीपारा निवासी सुरेश सोनी आ. स्व. बाल गोविन्द सोनी 2 जुलाई की भोर में 4-5 बजे के बीच अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6306 से अपने घर से खरसिया नाका की तरफ किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान सदर रोड कद्यमी चौक जयपुरी कुर्ती दुकान के समीप एक विद्युत तार झूल रहा था। विद्युत विभाग की लापरवाही और अनदेखी के कारण झूलते हुए तार में फंसकर गिर गए। दुर्घटना के बाद सुरेश सोनी घंटों सड़क पर बेहोश पड़े रहे। सुरेश सोनी को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें रायपुर रिफर कर दिया गया था। रायपुर में उपचार के दौरान अब सुरेश सोनी की मौत हो गई। विद्युत विभाग की छोटी सी लापरवाही से एक व्यक्ति की जान चली गई जिसे लेकर लोगों में रोष का माहौल है जबकि परिजन सदमें में है। इस मामले में मृतक के भतीजे अभिषेक सोनी आ. गिरवर प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व में ही संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 289 व 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया था और अब मौत की धाराएं जोड़कर जांच की जा रही है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि विद्यत तार की चपेट में आकर घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अपराध दर्ज है और पुलिस विवेचना कर रही है।

- रायपुर में चल रहा था उपचार, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस




























# पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं...

































## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल पर कुन्नी में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

**लखनपुर।** लुंड्रा विधायक की पहल से एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को अंधेरे से मिली मुक्ति मिली है। ग्रामीणों की मांग के बाद विधायक के निर्देश पर कुन्नी सब स्टेशन में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बता दें कि जिले के लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत कुन्नी सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर के खराब होने से आए दिन विद्युत आपूर्ति ठप जाने से एक दर्जन से अधिक वनांचल गांव के ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर थे। जानकारी के मुताबिक 12 जुलाई दिन शुक्रवार को ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से एक दर्जन से अधिक गांव में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिससे ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कुन्नी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि महंत और मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ने लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज से इस संबंध में चर्चा की विधायक प्रबोध मिंज ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से चर्चा करते हुए ट्रांसफार्मर लगाए जाने निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद कार्यपालन अभियंता के निर्देश पर कुन्नी सब स्टेशन में बड़ा नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल किया गया। नया ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।



### डीएवी स्कूल में हुआ तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम परायणयज्ञ



**बिश्रामपुर।** आर्य प्रादेशिक सभा नई दिल्ली के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल में 9 जुलाई से 11 जुलाई तक तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम परायणयज्ञ का श्रद्धाभाव से आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक,वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे, डीके तिवारी व वरिष्ठ शिक्षिका शोभा नामदेव यजमान के रूप में सम्मिलित हुए।यज्ञ के तृतीय दिवस में पूर्णाहुति की गई जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापक -अध्यापिकाएँ और विद्यार्थीगण पूरे मनोयोग एवं श्रद्धा भाव से शामिल हुए। विद्यालय के संस्कृत आचार्य बलबीर त्रिपाठी, हीरा लाल व अमूल्य भोई के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञ को विधिवत पूर्ण कराया गया।संगीत शिक्षक नासिर खान के निर्देशन में विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा संगीतमय भजनों की मनोरम प्रस्तुति की गई।इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एचके पाठक ने समस्त विद्यालय परिवार के सवस्थ एवं सुखी जीवन की मंगल कामना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि चतुर्वेद शतकम पारायण यज्ञ एक धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें चारों वेदों के मंत्रों का पाठ किया जाता है, इसका उद्देश्य वेदों के ज्ञान का प्रसार करना और वातावरण को शुद्ध करना है।आयोजन को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार व स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।

### घर में घुसकर नकदी रकम चोरी करने वाला गिरफ्तार



**राजपुर।** घर में घुसकर पेटी से 45 हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम घरघोड़ी निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार टोप्पो आ. जीवन राम टोप्पो ने पुलिस से शिकायत की थी कि 8 जुलाई की रात घर से लगे दुकान में प्रवेश किया और दुकान से घर के अन्दर आकर पेटी का ताला तोड़कर 45 हजार रूपए नगदी की चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर ग्राम घरघोड़ी निवासी 23 वर्षीय प्रवीण कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस घटना में प्रयुक्त रॉड बरमाद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 305 (ए) 331(4) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन साहू, राजेंद्र ध्रुव, आरक्षण रूपेश गुप्ता अन्य सक्रिय रहे।

## निधन

### चंद्रदेव सिंह



**बिश्रामपुर।** माइनर्स कॉलोनी निवासी चंद्रदेव सिंह 72 वर्ष का रविवार की प्रातः हदयाघात से निधन हो गया, वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।उनका अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।वे अपने पीछे दो पुत्र,तीन पुत्री, पत्नी समेत भरा पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

---

### अलग-अलग दल में बंटकर बोल रहे धावा

# मैनपाट के विपरीत मौसम में सुरक्षा के लिए हाथियों का दल बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- एक सप्ताह के भीतर 10 घरों को बनाया खण्डहर

बारिश के बीच मैनपाट में अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हाथियों ने ग्रामीणों को रतजगा करने मजबूर कर दिया है। हाथी मध्यरात्रि में आबादी क्षेत्र में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ मचा रहे हैं। विपरीत मौसम के कारण हाथियों की निगरानी में भी समस्या हो रही है। हाथी पलक झपकते ही अपना ठिकाना बदल दे रहे हैं जिससे परेशानी और अधिक बढ़ गई है।

सीमावर्ती कापू जंगल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र मैनपाट के विभिन्न गांवों में लगातार तबाही मचा रहे हैं। भोर होते ही हाथी सीमावर्ती कापू जंगल में चले जाते हैं तथा शाम ढलने अलग-अलग स्थानों से पहाड़ी चढ़कर मैनपाट के विभिन्न गांवों में पहुंच जाते है। आबादी क्षेत्र के निकट के जंगलों में कुछ समय बिताने के बाद हाथी बस्तियों में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर देते हैं। भोजन चक्र में बदलाव आने के कारण हाथी वनस्पतियों के साथ ही अब विभिन्न प्रकार की फसलों एवं अनाजों की खोज में भटकते हैं तथा गंध मिलते ही घरों को ढहाना शुरू कर देते हैं। हाथी अलग-अलग दलों में विभिन्न गांवों में हमला करते हैं जिसके कारण वन अमले को भी हाथियों की निगरानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बारिश एवं घने कोहरे के बीच विभाग का गजराज वाहन वन अमले एवं ग्रामीणों के लिए बड़ा सहारा बन गया है। जहां आवागमन का साधन है वहां वन अमला गजराज वाहन के सहयोग से सायरन की आवाज एवं रंग-बिरंगी रोशनी के माध्यम से हाथियों को खदेड़ने की मशक्कत करते हैं। हाथी भी निकट से गजराज वाहन के सायरन की आवाज सुनकर भागने लगते है। इन सभी कोशिशों के बावजूद न तो हाथियों की तबाही रूक रही है न ही जान-माल की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों के रतजगा करने का क्रम। गनीमत है कि हाथियों द्वारा पिछले एक सप्ताह से लगातार तबाही के बावजूद अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। क्षेत्र के गांवों में पूरे साल हाथियों की आवाजाही होने के कारण अब ग्रामीण भी काफी सतर्कता बरते हैं। इसके पूर्व भी हाथियों ने एक पखवाड़े तक विभिन्न गांवों में लगातार तबाही मचाई थी तथा एक सप्ताह की राहत के बाद हाथी फिर से सक्रिय हुए है।



रात में हाथियों की निगरानी करते वनकर्मी एवं ग्रामीण।



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त घर।

#### 10 से अधिक घरों को किया ध्वस्त

एक सप्ताह के भीतर हाथियों ने अलग-अलग गांवों में 10 से अधिक मकानों को ध्वस्त कर खण्डहर बना दिया है। हाथियों ने कुछ घरों के दीवार को तोड़ा है जबकि कुछ घरों में रखे अनाज को खाने के लिए सुरंग बनाया है वहीं कुछ घरों को ध्वस्त कर खण्डहर बना दिया है। भरी बरसात में घरों के खण्डहर बनने के कारण प्रभावित परिवारों के समक्ष सिर छिपाने का संकट उत्पन्न हो गया है। अलग-अलग दलों में बंटकर पहाड़ी क्षेत्र, तराई क्षेत्र एवं समतल इलाके की बस्तियों में पहुंच जा रहे हैं जिसके कारण वन अमले को भी निगरानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक सप्ताह से लगातार पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के कारण वनकर्मियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

#### इन गांवों में लगातार धावा

हाथी लगातार कंडराजा, उरंगा, पतरापारा, बरवाली, ननाइन डांड, चोरकी पानी, विपुल ढाब, बांटी ढाब, घटगांव में धावा बोल रहे हैं। बीती रात दल के चार हाथियों ने ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सरनापारा में पूरी रात तबाही मचाया तथा गांव के नन्हू मझवार का घर ढहा दिया। इसके पूर्व रात्रि हाथियों ने ग्राम बरडांड एवं घटगांव में चार घरों में तोड़फोड़ करने के उपरांत घरों में रखा अनाज चट कर गए थे। हाथियों ने ग्राम बरडांड में बनी एक झोपड़ी को तहस-नहस करने के साथ सुदामा कोरवा एवं सैनाथ कोरवा वहीं घटगांव निवासी सुनील उरांव का घर ढहा दिया था वहीं 7 हाथियों का दल ननाइनडांड स्थित बांस प्लांटेशन में डटा रहा।

#### कम दृश्यता बनी समस्या

वर्तमान में शाम ढलते ही मैनपाट में घना कोहरा छा जा रहा है जिससे दृश्यता बेहद कम हो जा रही है तथा टॉर्च की रोशनी में 5-8 फीट दूर की चीजे नहीं दिख रही है। वनकर्मी हाथियों की चिंघाड़ एवं उनके पदचाप की आवाज से उनका पीछा कर रहे हैं। विपरीत मौसम न केवल वन अमले के लिए बल्कि ग्रामीणों के लिए भी बाधा उत्पन्न कर रहा है दृश्यता कम होने के कारण हाथियों से सामना होने का खतरा बढ़ गया है।

#### की जा रही निगरानी

हाथियों के अलग-अलग गांवों में पहुंचने एवं दृश्यता कम होने के कारण हाथियों की निगरानी में समस्या हो रही है। समस्या को देखते हुए गजराज वाहन सहित अन्य वाहनों का उपयोग हाथियों की निगरानी के लिए किया जा रहा है। वन क्षेत्रों में पूरी रात पैदल चलना पड़ रहा है। गजराज वाहन से हाथियों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिल रही है।

-फेंकू चौबे
परिक्षेत्राधिकारी, मैनपाट

---



### एआईडीईओए की बैठक में नई समिति का किया गया गठन

**बिश्रामपुर।** शनिवार 12 मई को एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑडिटोरियम में ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑल ऑफिसिएल्स एसोसिएशन द्वारा स्वागत-मिलन सह नवीन समीति गठन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एआईडीईओए के राष्ट्रीय महासचिव आरके तिवारी व राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कुमार प्रजापति व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरूण कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।समारोह विशिष्ट अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल भील के उपस्थिति में संपन्न हुआ।समारोह में बिश्रामपुर क्षेत्र में नव पदस्थ माइनिंग सरदार का क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के द्वारा पुष्पगुच्छ और डायरी -फाइल देकर स्वागत किया गया।समारोह में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत ओवरमैन राजेश सिंह को केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज सिंह को केन्द्रीय संगठन सचिव, सलमान खान केन्द्रीय संयुक्त महासचिव, केन्द्रीय उपाध्यक्ष बसंत कुमार तथा केन्द्रीय सचिव के रूप में राजेश सिंह को मनोनीत किया गया है। एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय समिति में क्षेत्रीय अध्यक्ष बेनुगोपाल सिंह,क्षेत्रीय सचिव तजिन्दर झा,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राम एवं अन्य माइनिंग स्टॉफ को अन्य पदों पर सर्वसमति से मनोनीत किया गया।उक्त आयोजन में बिश्रामपुर क्षेत्र के दर्जनों माइनिंग स्टॉफ सम्मिलित हुए।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- निकालेंगे वृहद ध्यानाकर्षण रैली



मोदी की गारंटी लागू करवाने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। विधान सभा सत्र के पूर्व 16 जुलाई को समस्त जिला मुख्यालयों में मोदी की गारंटी लागू करने के सरकार के वादे को याद दिलाने के लिए ध्यानाकर्षण रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसी तारतम्य में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक कर आंदोलन की तैयारी हेतु रणनीति तैयार की गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला संयोजक ने बताया कि विधानसभा,लोकसभा निर्वाचन के दौरान वर्तमान सरकार ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के तहत अनेक वादे किए थे,लेकिन अभी तक कर्मचारियों के लिए एक भी वादे पूरे नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभी विधानसभा सत्र प्रारंभ होने वाला है इसलिए पुनः ध्यानाकर्षण करने के लिए 16 जुलाई को भोजनावकाश में ध्यानाकर्षण रैली के माध्यम से ज्ञापन सौपा जाएगा, यदि सरकार जल्द मांगों पर पहल नहीं करती है तो चरणबद्ध तरीके से 22 अगस्त को प्रदेश के समस्त कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय सामुहिक अवकाश व सितंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिला फेडरेशन महासचिव मो.इकबाल अंसारी ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिले के सभी कर्मचारी अधिकारी रंगमंच मैदान में एकत्रित होंगे व रैली निकाल कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में डॉ. आरएस सिंह, डॉ. राजेश पैकरा, प्रतिमा सिंह, मो.इकबाल अंसारी, गोपाल विश्वकर्मा, विजय साहू, निर्मल भट्टाचार्य, मनीष दीपक साहू, राजकुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, सतीश प्रताप सिंहदेव, राधेश्याम साहू, महेश पैकरा, आदित्य शर्मा, विन्देश गुप्ता, निधि श्रीवास्तव, ज्योति साधना, माया शर्मा, अनुरंजन देव, रमेश राजवाड़े, संत राम, रामनंदे साहू, रवि प्रसाद पैकरा, शिव कुमार पैकरा, यशवंत प्रताप सिंह, अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं व युवाओं की सक्रिय राजनैतिक भागीदारी की पक्षधर थी राजमाता : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जयंती पर पूर्व डिप्टी सीएम समेत कांग्रेसजन ने अर्पित की श्रधांजलि, स्मृतियों को किया याद



राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 92वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पुष्पांजली अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव उपस्थित थे। राजमाता स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव का जन्म 13 जुलाई 1933 को हिमाचल प्रदेश के जब्बल राज परिवार में हुआ था। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सम्भाल लिया था। सत्तर और अस्सी के दशक में जबकि राजनीति में महिलाओं की सहभागिता आंशिक थी, उस दौर में वे कांग्रेस की सशक्त महिला नेता बनकर उभरी थी।

वे 2 बार सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रही थी। एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रूप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। उनकी राजनैतिक स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि आज से 50-60 वर्ष पूर्व के राजनैतिक दौर में वे महिलाओं और युवाओं की सक्रिय राजनैतिक भागीदारी की पक्षधर थीं एवं इस दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। उस दौर में उनके द्वारा तराशे गये राजनैतिक युवा तुर्क आज सरगुजा में कांग्रेस के अगुआ हैं। उन्होंने कहा कि सरगुजा वासियों की समस्याओं का निराकरण उनकी निजी प्रतिष्ठा का प्रश्न होता था। उन्होंने कभी भी मदद मांगने आने वाले व्यक्ति को निराश नहीं किया। राजमाता स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के संगठनात्मक क्षमता और समय की पाबंदी का उल्लेख करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने कहा कि उनके सानिध्य में ही उन्होंने संगठन की गतिविधियों को सीखा। उन्होंने कहा कि राजमातां तत्कालीन सरगुजा जिले में कांग्रेस संगठन की असली शिल्पकार थी। उनके बनाये हुए संगठन की बदौलत कांग्रेस आज भी सरगुजा में मजबूत है। राजमाता की धार्मिकता और संस्कारों के प्रति दृढता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि शंकराचार्य श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी का अंबिकापुर आगमन हुआ था एवं उनका निवास पैलेस में स्थित राधावल्लभ मंदिर में था। उनके आगमन के पूर्व की समस्त तैयारियों को राजमाता ने स्वयं कराया था। मंदिर में बनाये शंकराचार्य जी के अस्थायी आवास एवं मंदिर में फर्श की सफाई उन्होंने स्वयं की थी। पूर्व ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने कभी भी राजमाता के सर से पल्लू को गिरते नहीं देखा था। वे भारतीय नारी के परिभाषित आदर्श की प्रतिमूर्ति थी। राजीव भवन में पुष्पांजली के उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड में महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं राजमाता की युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं इसके उपरांत मां महामाया मंदिर में भंडारा का भी आयोजन हुआ। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, नुरुल हसन, मो इस्लाम, सत्येन्द्र तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह धंजल, रसीद अहमद अंसारी, विनोद एक्का, मदन जायसवाल, लालचंद यादव, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा, रजनीश सिंह, निक्की खान, जीवन यादव, हिमांशु जायसवाल, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, विकास केशरी, अमित वर्मा, कलीम अंसारी, मो. बाबर, काजू खान, मिथुन सिंह, सपना सिन्हा, मंजू सिंह, संगीता मिंज, सावित्री ठाकुर, रश्मि सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, जिलानी खान, आदि मौजूद थे।

---



## नपं बिश्रामपुर को प्रेसिडेंट्स अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण समारोह में राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत बिश्रामपुर को सुपर स्वच्छता लीग की प्रतिष्ठित श्रेणी के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि न केवल स्थानीय प्रशासन के लिए बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को सम्मानित करेंगी। इस समारोह में बिश्रामपुर नगर पंचायत को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रेसिडेंट्स अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस गौरवशाली क्षण के केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में नवाचार के रूप में सुपर स्वच्छता लीग की शुरुआत की गई है। यह श्रेणी उन शहरों के लिए आरक्षित है जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार टॉप-3 में स्थान प्राप्त किया हो व वर्तमान वर्ष में अपनी जनसंख्या श्रेणी में टॉप-200 में स्थान बनाए रखा हो। बिश्रामपुर नगर पंचायत ने 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में इस मानक को पूर्ण किया है और एसएसएल की फाईनल सूची में जगह बनाई है। नगर पंचायत के कर्मचारी, अधिकारी, स्वच्छता मित्र और आम नागरिकों ने मिलकर इस अभियान को मिशन का रूप दिया। नगर पंचायत सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने कहा कि हमने तकनीकी नवाचारों के साथ-साथ लोगों को जोड़कर अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाया है।

## एक महीने के भीतर आत्महत्या की तीन घटनाएं, बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



नगर के व्यवसायी।

नगर में विगत एक महीने में तीन आत्महत्या की घटनाएं हो गई है जिसे लेकर लोग चिंतित है। जिस प्रकार से परिवार का विखंडन, छोटी-छोटी बातों में लोगों का उग्र होना, मोबाइल की लत, आर्थिक स्थिति खराब होना, एकांकीपन लोगों को घेरते जा रहा है निश्चित रूप से यह आत्महत्या की ओर लोगों को अग्रेषित कर रहा है। नगर में एक माह के अंदर एक नाबालिग बच्ची एवं दो युवक, युवती अलग-अलग कारणों आत्महत्या किए। नगर में दोबारा इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी लोगों को चिंता करने की आवश्यकता है आखिर में क्यों लोग आत्महत्या जैसे खौफनाक कदम उठा रहे हैं।

लोगों में खुशी कम होना छोटी-छोटी बातों में उग्र हो जाना यह आम हो गई है। पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता है परंतु यह कभी-कभी काफी उग्र रूप धारण कर लेता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि पति या पत्नी दोनों मरने मारने के लिए उतारू हो जाते हैं ऐसे में एक व्यक्ति को समझदारी दिखाकर ऐसी स्थिति पर काबू करने की आवश्यकता है। सबसे खतरनाक स्थिति तब निर्मित हो जाती है जब पति एवं पत्नी दोनों काफी उग्र हो जाते हैं दोनों एक दूसरे को समझने को तैयार नहीं होते हैं ऐसे में अप्रिय घटना होने की सबसे अधिक संभावना होती है। बच्चों का मोबाइल के प्रति बहुत ज्यादा शक्ति भी बच्चों को चिड़चिड़ा एवं उग्र कर रही है। समाज के सभी लोगों को आत्महत्या जैसी संगीन घटनाएं उसे कैसा रोका जाए इसके लिए चिंता करने की आवश्यकता है। गायत्री परिवार के अरुण जायसवाल ने कहा कि नगर में जिस प्रकार से एक माह के अंदर तीन आत्महत्या की घटनाएं हुई वह बहुत विचलित कर देने वाला है।

सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है नाबालिग बच्ची एवं दो नौजवान युवक, युवती असमय आत्महत्या कर कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिए। नगर के व्यापारी भरत लाल केसरी में कहा कि आत्महत्या करना किसी समस्या का निवारण नहीं है। आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति निश्चित रूप से परिवार के विखंडन, अवसाद, मोबाइल की लत सहित अन्य कारण है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगांव
10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर,
3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411